हरिभूमि
# रंग भूमि
बिलासपुर, सोमवार 25 मार्च 2024

**खबर संक्षेप**

## सीटेट के लिए आवेदन 2 अप्रैल तक

**बिलासपुर।** केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा(सीटेट) के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्कूलों में कक्षा पहली से पांचवीं और छठवीं से आठवीं में अध्यापन के लिए यह परीक्षा आयोजित की जाती है। प्राइमरी के लिए पेपर-1 और मिडिल के लिए पेपर-2 होगा। यह परीक्षा 136 शहरों में आयोजित की जाएगी। इसके लिए रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर के अलावा अन्य जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाएं गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल निर्धारित की गई है। सीटेट की परीक्षा हिन्दी, अंग्रेजी के अलावा 20 अलग-अलग भाषाओं में होगी। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट ctet.nic.in देख सकते हैं।

## 1930 पदों के लिए 27 तक जमा होंगे आवेदन

**बिलासपुर।** यूपीएससी ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने नर्सिंग ऑफिसर के 1930 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इसके लिए 27 मार्च तक आवेदन जमा होंगे। कर्मचारी राज्य बीमा निगम में नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 7 मार्च से जारी हैं। इनमें से 892 पद अनारक्षित हैं। 193 ईडब्ल्यूएस, 446 ओबीसी, 235 एससी और 164 एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। कुल पदों में से 168 पद दिव्यांग श्रेणी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं।

## 6 जोन में गैंग और कर्मचारी रहेंगे मौजूद

**बिलासपुर।** होली त्योहार पर निर्बाध बिजली उपलब्धता के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों ने कमर कसते हुए कर्मचारी और अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी है। सर्किल के 6 जोनों में लाइनमेन, सहायक लाइनमेन, फ्यूजकॉल, गैंग को तैयार किया गया है, जो अपनी सेवा देंगे। सिटी सर्किल के पूर्वी और पश्चिमी डिवीजन के अंतर्गत आने वाले 6 जोन के सहायक यंत्रियों पर निर्बाध बिजली बनाएं रखने की जिम्मेदारी दी गई है। होली को देखते हुए विभाग ने जोनवाइस लाइनमेन व गैंग की ड्यूटी लगाई है। सुबह 24 घंटे में तीन शिफ्ट में कर्मचारी काम करेंगे, इस दौरान जेई और एई को क्षेत्र में मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी भी दी गई है। वहीं फ्यूजकॉल सेंटरों को हर हाल में दो कर्मचारियों के साथ रहने के लिए कहा गया है, इस दौरान उपभोक्ताओं की शिकायतों को रजिस्टर्ड कर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। वहीं फ्यूज कॉल सेंटर में शिकायत नहीं सुनने पर तत्काल अधिकारियों को शिकायत की जा सकेगी। इस दौरान सभी लाइनमेन की छुट्टी कैंसिल की गई है। कर्मचारी सुबह 8 से शाम 4, शाम 4 से रात 12 और रात 12 से सुबह 8 बजे तक ड्यूटी देंगे। विभाग के अधिकारियों ने फ्यूज कॉल सेंटरों को लाइनमैन के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए हैं, ताकि समय पर शिकायतों का समाधान मिल सके।

## बेटिकट यात्रा करते पकड़े गए तो जुर्माना

**बिलासपुर।** डिजिटल भारत की दिशा में कदम बढ़ाते हुए रेलवे कई नए बदलाव करने जा रही है। इसी क्रम में 1 अप्रैल से रेलवे खाने से लेकर टिकट, जुर्माने और पार्किंग तक सभी जगह ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू कर रही है। खास बात ये है कि ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों से भी रेलवे अब क्यूआर कोड स्कैन कराकर जुर्माना वसूलेगा। हालांकि, रेलवे के इस कदम से यात्रियों को सहूलियत भी होगी। अगर कोई यात्री बिना टिकट पकड़ा जाता है और उसके पास यात्रा के दौरान कैश नहीं है, जो वह डिजिटल भुगतान करके जेल जाने से बच सकेगा। इसके लिए रेलवे चेकिंग स्टाफ को हैंड हेल्ड टर्मिनल मशीन देगा। जल्द ही चेकिंग स्टाफ के पास हैंड हेल्ड टर्मिनल मशीन पहुंच जाएगी। इसके जरिए ट्रेन में चलने वाले सभी टीटीई किसी भी यात्री से ऑनलाइन जुर्माना वसूल सकेंगे।



सरकंडा स्थित स्टेट बैंक के सामने धूमधाम से होलिका दहन किया गया।

## बढ़ने लगा तापमान पारा 36 डिग्री पर

**बिलासपुर।** जिले में मौसम साफ होने के बाद अब दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री का इजाफा होगा। मौसम साफ होने के साथ-साथ गर्मी भी बढ़ेगी। प्रदेश के दर्जनभर जिलों का अधिकतम तापमान एक बार फिर उछाल पर है।



बिलासपुर में टेंपरेचर 35 डिग्री के पार चला गया है। रविवार को जिले में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 30.8 डिग्री दर्ज किया गया। बिलासपुर में दिन का तापमान औसत से 2 डिग्री कम रहा। वहीं, रात का तापमान सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। दिन में धूप निकली थी। दोपहर में चिलचिलाती धूप के कारण लोग परेशान भी हुए। अब घरों में एसी, कूलर चलने शुरू हो गए हैं। सड़कों पर भी लोग बिना दूपट्टा के नहीं निकल रहे हैं।

### 2 दिन तक बढ़ेगा दिन का तापमान

मौसम वैज्ञानिक डॉ.एचपी चंद्रा का कहना है कि अगले 2 दिन तक अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। इसके बाद तापमान में कोई खास बदलाव नहीं आएगा। रविवार को बिलासपुर में दिन का पारा सामान्य रहा। आज मौसम साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 37 डिग्री और रात का पारा 21 डिग्री के आसपास रहेगा।

### तेज रफ्तार और तीन सवारी बाइक चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

# मुखौटा लगाने पर प्रतिबंध, हुड़दंगियों पर आईटीएमएस के जरिए की जाएगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के बीच इस बार होली का त्योहार मनाया जा रहा है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने गाइडलाइन जारी की है। वहीं, होली के दौरान मुखौटा लगाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस ने सभी से शांति पूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। जिला और पुलिस प्रशासन की ओर से तेज रफ्तार और तीन सवारी बाइक चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश हैं। सड़क पर हुडदंग मचाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होली त्यौहार के दौरान आईटीएमएस के जरिए निगरानी रखी जाएगी। किसी भी तरह की अशांति फैलाने पर भी कार्रवाई होगी।

जिला प्रशासन ने होलिका दहन मुहूर्त के अनुसार रात 12:30 बजे तक करने को कहा है। जिला प्रशासन ने होलिका दहन सड़क किनारे करने की अपील की है ताकी बीच सड़क पर यातायात प्रभावित न हो। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है। सभी से आग्रह है कि सौहार्द पूर्ण ढंग और भाईचारे के भाव के साथ त्योहार मनाएं। होलिका दहन के लिए शहर की अलग-अलग जगहों पर मुरूम की व्यवस्था की जा रही है। अगर होली के दौरान कोई अशांति फैलाने का काम करेगा, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रात 10 बजे के बाद साउंड सिस्टम पर रोक

होली के दौरान किसी भी तरह के अस्त्र-शस्त्र के इस्तेमाल और प्रदर्शन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। साथ ही परीक्षाओं को ध्यान रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउड स्पीकर) का इस्तेमाल मध्यम साउंड में रात 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। रात 10 बजे के बाद साउंड सिस्टम बजाने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही शहर के हर चौक-चौराहे पर पुलिस का पहरा रहेगा। हुड़दंग रोकने के लिए पुलिस की पेट्रोलिंग टीमें शहर के चप्पे-चप्पे पर गश्त करेंगी। नशेड़ी और शराब पीकर वाहन चलाने वालों की धरपकड़ के लिए शहर भर में फिक्स पॉइंट बनाए गए हैं।



शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने एसपी रजनेश सिंह ने रविवार को पैदल मार्च कर लोगों से सौहाद्रपूर्वक होली मनाने की अपील की।

## पुलिस लाइन से तारबाहर चौक, शिव टाकीज चौक से पुराना बस स्टैण्ड तक एसपी ने किया पैदल मार्च

शहर में शांतिपूर्ण होली मनाने व असामाजिक तत्वों को चेतावनी देने एसपी ने अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन से तारबाहर चौक, शिव टाकीज चौक से पुराना बस स्टैण्ड तक पैदल मार्च किया। उसके बाद अधीनस्थ अधिकारियों के द्वारा गाड़ियों से शहर में फ्लैग मार्च किया गया है।

रविवार की शाम एसपी रजनेश सिंह, एडीशनल एसपी उमेश कश्यप, अर्चना झा व राजपत्रित अधिकारी, थानेदार व भारी भरकम बल के साथ पुलिस लाइन से सत्यम चौक, अग्रसेन चौक, सीएमडी चौक, तारबाहर चौक, शिव टाकीज चौक से पुराना बस स्टैण्ड तक पैदल मार्च किया। इसके बाद अधीनस्थ अधिकारियों के द्वारा 25 से 30 वाहनों में शहर के प्रमुख मार्ग व विवादित मोहल्लों, कालोनियों में जाकर फ्लैग मार्च किया गया है।

**एक हजार पुलिसकर्मियों की लगी ड्यूटी :** होली पर्व में सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिले में एक हजार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी है। इसके अलावा बटालियन, होमगार्ड से 80 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। रविवार की शाम 6 बजे शहर के फिक्स पाइंट में पुलिसकर्मी ड्यूटी में तैनात हो गए हैं, जो शिफ्ट के अनुसार होली के दिन तैनात रहेंगे।

**बदल बदल कर होगा वाहन चेकिंग :** रविवार की शाम से सोमवार की देर शाम तक बदल बदल कर चौक चौराहे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

**लगातार चलेगी पेट्रोलिंग :** जिले में हुड़दंगियों पर नजर रखने के लिए 25 से 30 पेट्रोलिंग पार्टी लगाई गई है। शहर व ग्रामीण इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी। इस दौरान होली की आड़ में हुड़दंग व विवाद करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

### शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

होली पर्व में सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक हजार से अधिक पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। रविवार की शाम 6 बजे से शहर के चौक चौराहे फिक्स पाइंट में अधिकारी कर्मचारी तैनात हो जाएंगे। इस दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

- **उमेश कश्यप** एडीशनल एसपी सिटी

## होली को लेकर डॉक्टरों की टीम तैयार, 24 घंटे देंगे ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली को लेकर सिम्स सहित जिला अस्पताल में डाक्टरों की टीम अलर्ट मोड पर है।प्रबंधन ने डाक्टरों की ड्यूटी का रोस्टर जारी कर दिया है। सिम्स में मुख्य तौर पर सर्जरी, आर्थो, नेत्ररोग और ईएनटी के डाक्टरों की ड्यूटी लगाई है। सभी डिपार्टमेंट में मुख्य सर्जन और सहायक डाक्टरों के नंबर भी चस्पा किए गए हैं, ताकि कॉल ड्यूटी पर डाक्टरों को बुलाया जा सके।

हर साल होली त्यौहार में इमरजेंसी के केस बढ़ जाते हैं, इस दौरान अनहोनी की आशंका को देखते हुए शहर के स्वास्थ्य सुविधाओं को अलर्ट किया जाता है। शनिवार से ही सिम्स और जिला अस्पताल द्वारा होली को लेकर डाक्टर और कर्मचारियों का रोस्टर बनाया गया है, जो 24 से 26 तारीख तक प्रभावशील रहेगा। सिम्स में सभी विभाग प्रमुखों के साथ ही रेसीडेंट डाक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान एम्बुलेंस 24 घंटे सिम्स में मौजूदी रहेगी, किसी भी




आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस की सेवा ली जा सकेगी। डाक्टरों के लिस सर्कुलर जारी करते हुए प्रबंधन ने हिदायत दी है कि डाक्टर 24 घंटे फोन चालू रखेंगे और रोस्टर के अनुसार ही अपनी सेवाएं देंगें। इस दौरान रोस्टर के किसी भी डाक्टरों को छुट्टी की पात्रता नहीं होगी, और विशेष परिस्थित में अधीक्षक के आदेश के बिना वे अस्पताल नहीं छोड़ सकेंगे। खास बात यह है कि मेडिसिन, सर्जरी, नेत्ररोग, त्वचारोग, प्रसुति व स्त्रीरोग, अस्थिरोग,कैजुवल्टी, बल्डबैंक के डाक्टरों का मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है। विभाग के साथ ही वार्ड में भी डाक्टरों के नंबर दिए गए हैं।

### जिला अस्पताल में खास व्यवस्था

जिला अस्पताल में 24 घंटे के लिए 2-2 डाक्टरों की ड्यूटी आपातकाल के लिए लगाई गई है, इस दौरान सिनियर डाक्टर ऑन कॉल अपनी ड्यूटी निभाएंगें। छुट्टी के दिन भी दो घंटें के लिए ओपीडी लगाई जाएगी।इस लिए डाक्टरों का रोस्टर चार्ट अस्पताल में जारी किया गया है। वार्ड में 10 बेड आरक्षित भी किए गए हैं।

### रोस्टर के पालन का दिया है आदेश

मुख्य तौर पर सर्जरी, नेत्ररोग, हड्डी रोग के डाक्टरों की जरूरत पड़ती है, लेकिन हमने सभी वार्ड और विभाग को मरीजों के बेहतर इलाज के लिए सर्कुलर जारी कर दिया है। वे अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे। वहीं डाक्टरों को रोस्टर का पालन करने का आदेश दिया गया है।

- **डॉ सुजीत नायक**
अधीक्षक, सिम्स

### निगम ने होली के दिन एक घंटे ज्यादा जल आपूर्ति का निर्णय लिया

# नहीं होगी पानी की कमी, दोपहर में भी होगी सप्लाई


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली पर शहरवासियों को पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। नगर निगम द्वारा एक घंटे ज्यादा जलापूर्ति करने का निर्णय लिया है। निगम द्वारा सोमवार को सुबह-शाम के साथ दोपहर तीन बजे भी एक घंटे तक अतिरिक्त पानी की सप्लाई की जाएगी। इससे कई मुहल्लों को होली के दिन पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा।

बता दें कि पानी की ज्यादा उपयोगिता वाले त्योहार के दौरान सार्वजनिक नलों पर निर्भर रहते हैं। होली के दौरान जमकर रंग गुलाल खेला जाता है। साथ ही इसमें पानी की भी अत्यधिक उपयोग किया जाता है। होली खेलने के बाद रंग छुटाने के लिए भी पानी की जरुरत पड़ती है। इसलिए निगम द्वारा नलों में दोपहर के समय एक घंटे अतिरिक्त पानी देने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा निगम ने टैंकरों की व्यवस्था भी दुरुस्त कर रखा है, ताकि मांग के अनुसार टैंकरों से भी पानी की सप्लाई की जा सके।

### कुदुदण्ड टंकी से भी पानी सप्लाई शुरू

शहर का सबसे बड़ा कुदुदण्ड पानी टंकी में पिछले तीन दिनों से अमृत मिशन के तहत काम चल रहा था। ऐसे में इस टंकी से पानी का उपयोग करने वाले लगभग 16 हजार घरों में पानी की समस्या थी। ऐसे में होली से पहले इस टंकी से भी सप्लाई शुरू कर दी गई है। रविवार सुबह टंकी भरने के साथ ही क्षेत्र में पानी की सप्लाई हुई। ऐसे में होली में इस क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।



### 290 एमएलडी होती है पानी की सप्लाई

शहर के 49 पानी टंकियों से रोजाना 280 से 290 एमएलडी पानी की सप्लाई होती है। इस बार होली में लोगों को एक घंटे पानी सप्लाई अतिरिक्त देने के लिए निगम की टीम ने शाम को एक घंटे देरी से पानी छोड़ने का निर्णय लिया है। इसकी जगह दोपहर तीन बजे सप्लाई की जाएगी। दरअसल, निगम द्वारा सुबह छह बजे और शाम को छह बजे पानी सप्लाई की जाती है, लेकिन निगम इस बार सुबह छह बजे तो बराबर टाइम से से एक घंटे की पानी सप्लाई करने के बाद दोपहर तीन बजे फिर से एक घंटे जलापूर्ति की जाएगी।

### एक घंटे मिलेगा अतिरिक्त पानी

होली के दिन शहर में एक घंटे पानी की अतिरिक्त सप्लाई की जाएगी। होली के दिन सुबह-शाम तो पानी आएगा ही, लेकिन दोपहर में भी 12 से 1 बजे एक घंटे की अतिरिक्त सप्लाई दी जाएगी।

- **अनुपम तिवारी,** जल विभाग प्रभारी नगर निगम।

## राजस्व न्यायालयों में पेंडेंसी 8 हजार के पार

**बिलासपुर।** आगामी अप्रैल व मई महीने में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसका असर अब राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों पर पड़ने लगा है। एक ओर जहां पुराने मामले कई वर्षों से लंबित हैं, वहीं दूसरी ओर नए आवेदनों की सुनवाई नहीं होने से प्रकरण लगातार लंबित हो रहे हैं। जिले के 51 राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या 8 हजार के करीब हो गई है। अब लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या और बढ़ जाएगी। हालांकि कलेक्टर ने एक सप्ताह में पुराने मामलों के निपटारे के निर्देश दिए हैं। सवाल लेकिन यही है कि जब अधिकारी चुनाव में व्यस्त हैं तो मामलों की सुनवाई कौन करेगा और उस पर फैसला कौन देगा।

राजस्व न्यायालयों में अब पेंडेंसी बढ़ने लगी है। आमतौर पर राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, सीमांकन और खाता विभाजन के मामले मुख्य हैं। ये मामले आमतौर पर नायब तहसीलदार के न्यायालय से लेकर अतिरिक्त कलेक्टरों के न्यायालय तक ही चलते हैं। निचले राजस्व न्यायालयों में हुए सीमांकन नामांतरण और खाता विभाजन के मामलों के आदेशों से असंतुष्ट दूसरा पक्ष इसके खिलाफ अपील करता है और यहां से मामले लगातार लंबित होते जाते हैं। इन मामलों का निराकरण करने में अधिकारी लगातार पिछड़े जा रहे हैं।


होली
की
हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Holi



प्रदेशवासियों को
होली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
होली है
HAPPY HOLI
राकेश तिवारी
BR BRAND REALTY
अशोक नगर चौक के पास, सरकंडा बिलासपुर
Mob. : 7035244444


आपको और आपके
पूरे परिवार को
होली
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
रंगों का महापर्व आपके जीवन में अनंत
सुख, समृद्धि व खुशियां लाए।
कमल सोनी
अध्यक्ष
बिलासपुर सराफा एसोसिएशन


पिचकारी की धार,
गुलाल की बौछार,
अपनों का प्यार,
यही है यारों होली का त्यौहार।
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रशांत त्रिपाठी
संभाग अध्यक्ष, युवा जनता कांग्रेस
छत्तीसगढ़ (जे.)
अजय सोनी


ईश्वर करे आपकी जिन्दगी का हर दिन
हर आने वाला पल प्यार, सुख, समृद्धि,
आनंद, कामयाबी, और सेहत के रंगो से
सराबोर हो जाए....
अरूण साव
उप मुख्यमंत्री छ.ग.
डॉ संजय निषाद
राष्ट्रीय अध्यक्ष
निषाद पार्टी
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
संजय सिंह राजपूत
राष्ट्रीय सचिव, प्रभारी (छत्तीसगढ़)
निषाद पार्टी
9039000027


प्रेम, सौहाद्र व शांतिपूर्ण वातावरण में होली मनाएं...
होली पर्व
HAPPY HOLI
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मोती लाल गंगवानी
अध्यक्ष, पूज्य सिंधी पंचायत तोरवा
पार्षद वार्ड क्रमांक 41


DCT Real Estate Developers
DCT Real Estate Developers
प्रॉपर्टी मतलब DCT
समस्त क्षेत्रवासियों को
होलीकोत्सव की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं...
कृष्णापुरम
GOLD FARM
LUXURY CLUB HOUSE
HAPPY Holi
राजेन्द्र सिंह राजपूत
डायरेक्टर
DCT REAL ESTATE DEVELOPERS
Red. Office : Behind High Court, Chhatauna Road, Bilaspur (C.G.)
Email : companydct242@gmail.com | www. http://dctrealestate.in
+91 6264883066 / 7470886613


जब बात हो आंगन में गूंजने वाली किलकारी की
जब बात हो घर के नन्हे मुन्नों की, तो क्यों न सर्वश्रेष्ठ चुनें
श्री शिशु भवन
24 घंटे शिशु विशेषज्ञ उपलब्ध (रविवार सहित)
NABH द्वारा प्रमाणित
अंचल का एकमात्र बच्चों का अस्पताल
LEVEL 3 A NICU ACCREDITED BY NATIONAL NEONATOLOGY FORUM
NNF द्वारा LEVEL 3 A का दर्जा प्राप्त नवजात शिशु इकाई जहां पर
अंतरराष्ट्रीय स्तर के उपकरण उपलब्ध हैं
जन्म के समय देर से रोने वाले शिशु के लिए अमेरिका से आयातित
BLANKETROL IIIHYPOTHERMIA मशीन
अत्यंत कम वजन वाले शिशु
EXTREMELY LOW BIRTH WEIGHT PREMIE
जिनका वजन 1 kg से भी कम हो
उनके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की इलाज़
सुविधाओं हेतु Girrafe incubators
हृदय की जांच हेतु
ECHOCARDIOGRAPHY
उच्च स्तर के वेंटिलेटर
SLE HIGH FREQUENCY VENTILATION &
INHALED NITRIC OXIDE THERAPY
24x7 ओ पी डी (शिशु रोग विशेषज्ञ की उपलब्धता)
आयुष्मान योजना के द्वारा
नवजात शिशु के जटिल ऑपरेशन एवं समस्त इलाज़ नि:शुल्क
18 वर्ष तक के बच्चों का सभी प्रकार की बीमारियों का ईलाज एवं सर्जरी
A UNIT OF SHRI HEALTH CARE WITH HUMAN TOUCH PVT. LTD.
श्री शिशु भवन
ईदगाह चौक, बाजपेयी टावर
के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 98261-83363, 9752040404

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 25 मार्च 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



रंगो के पर्व में गुलाल से सराबोर हुआ शहर

# शहर में बिखरे रंग

प्रेम, भाईचारा व सद्भाव के प्रतीक होली पर्व की पूर्व बेला में रविवार की शाम का शहर के विभिन्न स्थानों में होलिका दहन हुआ, होलिका और भक्त प्रहलाद की प्रतिमाएं रखी गईं, बाद में प्रहलाद की प्रतिमाएं हटाकर होलिका का दहन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछली बार की तरह इस बार कई जगहों में पर्यावरण सुरक्षा का ध्यान में रख पेड़ो की कटाई के रोकथाम के लिए कंडों से होलिका दहन किया गया। वहीं सभी लोगों ने पानी बचाने का संदेश दिया, सामाजिक संस्थाओं ने सभी से पर्व उत्साह और उमंग के बीच सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है रविवार शाम से ही रंगों का त्योहार का मिजाज होलियाना दिखा। होली के रंग में पूरा शहर सराबोर हो चुका था। सतरंगी त्योहार होली सोमवार को मनाया जाएगा। इस त्योहार से उत्साहित युवा व बच्चे भी डीजे की धुन पर थिरकेगे,हर तरफ फाग गीतों का दौर चलता रहा। लोग ढोल-नगाड़े व मांदर के बीच फाग गीत गाते रहे।




बिलासपुर प्रेस क्लब द्वारा फाग उत्सव का आयोजन कर एक दूसरे को रंग लगाकर बधाईयां दी।



## शहर में फाग उत्सव की रही धूम

रविवार दोपहर से ही शहर के कई जगहों पर फाग मंडली का आयोजन प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चलता रहा। इस दौरान लोग मन डोले रे माघ फगुनवा..., छोटे श्याम कन्हईया रे...., मुख मुरली बजाए ..., फागुन आगे फागुन आगे..., मन भौंरा रे... फाग गीत गाया। वहीं युवाओं ने डीजे की धुन पर होली खेलते नजर आए।

## जगह- जगह होलिका दहन किया गया

घर का काम जल्द निपटाकर महिलाएं भी होलिका दहन देखने पहुंचीं। इस दौरान पारंपरिक रिवाज से लोगों ने होलिका दहन किया। पूजा-पाठ कर होलिका में आग लगाई। इसके साथ ही ढोल-नगाड़ों और मांदर की थाप के बीच फाग गीतों का दौर चला।

## रामा वर्ल्ड में मनाई गई होली



तिफरा स्थित रामा वर्ल्ड कॉलोनी में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। होली मिलन में सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर डॉ पिंकी जैसवानी, प्रियंका, मंजुषा, सुमन, विभा, राखी, कांती, अभिनव, सपना, अकांक्षा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

एक-दूसरे को रंग लगाकर दी बधाईयां

## शुभम विहार में होलिका दहन



शुभमविहार जे पी हाईट्स में रविवार को होलिका पूजन किया गया, बैंकर्स क्लब के समन्वयक ललित अग्रवाल द्वारा परिवार संग पूजा की गई, इस मौके पर कृष्ण गर्ग, प्रख्यात डॉ अभिषेक शाह, डॉ श्रेया तोदी, आरव व अश्विका, संतोष अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, तन्मय अग्रवाल, राहुल गोयनका सहित अनेको नागरिकों ने पूजा की है। शुभमविहार कल्याण समिति के अध्यक्ष आखिलानन्द पांडेय ने बताया कि शाम 7.30 बजे शुभमविहार के नागरिकों की उपस्थिति में होलिका दहन किया गया।

## रामा लाईफ में होली मिलन उत्सव



रामा लाईफ सकरी लेडिज क्लब द्वारा होली मिलन उत्सव धूम धाम से आयोजित किया,इसमे मनोरंजन खेल ओर फूलों ओर गुलाल से होली उत्सव संपन्न हुआ। इस अवसर पर आरती पिंपले, जूही भारती, पूनम सवानी, प्रेरणा गुप्ता, प्रीती शुक्ला, ममता गुप्ता एवं सभी क्लब की सदस्य मौजूद रहे।

## राजपूत होली मिलन में महिलाओं का सम्मान



रॉयल राजपूत संगठन द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमे राजपूत समाज की पांच विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया। प्रीति सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन हुआ। मंच संचालन स स्वाति सिंह द्वारा किया गया। प्रदेश के इस प्रोग्राम में राष्ट्रीय संरक्षिका कुंदन की उपस्थिति रही। इस मौके पर शुभा सिंह, डॉ मधुलिका सिंह, पूर्व विधायक रश्मि सिंह, प्रीती चौहान, प्रतिज्ञा सिंह, सुधा गोपाल सिंह, नीरू बिष्ट, संभाग उपाध्याय निर्मला सिंह, श्रद्धा सिंह जिला प्रभारी, अपर्णा सिंह, सुधा सिंह की उपस्थित रहीं।

# समाज की परंपरानुसार होली मनाने से मिलती है खुशी

होली पर्व को विभिन्न समाज के लोग अपने-अपने समाज की परंपरानुसार मनाते हैं। पर्व को लेकर उनकी अपनी परंपराएं, नियम हैं। अलग-अलग पकवान भी बनाए जाते हैं। पूजा, पाठ का तरीका भी अलग है। सभी समाज के लोगों का मानना है कि समाज की रीति-रिवाज व परंपरा अनुसार होली मनाने से उन्हें ज्यादा खुशी मिलती है। बच्चों को भी पर्वो, त्यौहारों के महत्व से अवगत कराए जाते हैं। प्रेम, सौहाद्र का पर्व होली 25 मार्च को उत्साह से मनाई जाएगी। इस दिन लोग रंग खेलने के साथ ही विविध तरह के पकवानों का भी लुत्फ उठाएंगे। एक-दूसरे को रंग लगा कर गिले-शिकवे दूर करेंगे। परंपरानुसार होलिका की पूजा की जाएगी। बच्चे, युवा, महिलाएं रंग खेलने का मजा लेंगे। जिंदगी लाइव की टीम ने शहर के विभिन्न समाज के लोगों से होली पर्व को लेकर बात की है।

## ब्राम्हण समाज होली में सफाई पर विशेष ध्यान



ब्राम्हण समाज में होली पर्व पर शुद्धता व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। वहीं छत्तीसगढ़ी पकवान भी बनता है। समाज की रश्मि द्विवेदी ने बताया कि होली पर्व ब्राम्हण समाज के लिए एकदम खास रहता है। इस दिन रंग खेलने के साथ ही परिवार में एक-दूसरे के घर जाकर छत्तीसगढ़ी पकवान देते हैं। बड़ों से आशीर्वाद लेना नहीं भूलते हैं। वहीं काफी पवित्रता के साथ उस दिन नहा धोकर शुद्ध पानी भर कर खाना बनाया जाता है।

## घर-घर बनता है घियर, कंडे से पकाया जाता है



सिंधी समाज की सपना कलवानी ने बताया कि होली पर्व सिंधी समाज के लिए भी खास होता है। समाज के सभी लोग होलिका दहन के दिन मीठी रोटी में एक कच्चा धागा बांध कर उसे कंडे में पकाया जाता है, फिर सुबह उसे पूरे परिवार के लोग प्रसाद के रूप में खाते हैं। रोटी के साथ लपेटे गए धागे जलते नहीं है। वहीं घर-घर मीठा घियर बनाने का रिवाज है। इस पकवान को पहले कन्याओं को देकर घर में सभी लोग जरूर खाते हैं। फिर होली खेलने का सिलसिला शुरू होता है।

## बड़ों को रंग लगा कर लेते हैं आशीर्वाद



बंगाली समाज में होली मनाने की एक अनोखी परंपरा है। समाज की प्रियंका विश्वास ने बताया कि होलिका दहन के दिन होलिका व भगवान कृष्ण की पूजा कर मिठाई चढ़ाते हैं। सबसे पहले घर के बड़ों के पैर में रंग लगा कर उनसे आशीर्वाद लेकर जमकर रंग खेला जाता है। पकवान में कटलेट, पुड़ी, पुलाव, परवल झिंगा, रबड़ी बनाकर पूरे परिवार के साथ खाने का मजा लेते हैं।

## घर-घर मनाई जाती है छोटी होली



महाराष्ट्रीयन समाज के लोग होली पर्व पर घर में छोटी होली मनाते हैं। इसके लिए शमी पेड़ का डांग पहले से गाड़ लिए होते हैं। समाज की भारती खूबालकर ने बताया कि होली में खासकर पूरनपोली, कुम्हड़ा, आटा, गुड़ का गुलगुला, कढ़ी बनाई जाती है। ज्यादातर लोगों का प्रयास प्राकृतिक रंगों के उपयोग करने का होता है। कुछ लोग पलाश को उबाल कर हर्बल रंग भी बनाते हैं। घर में मनाई जाने वाली छोटी होली में मिठाई सहित इन सभी पकवानों को नैवेद्य के रूप में चढ़ाया जाता है।

## कुल देवता की होती है विशेष पूजा



कहार समाज में होली पर अपने कुल देवी और कुल देवता की पूजा की जाती है। समाज की निर्मला ध्रुव ने बताया कि इस दिन प्रातः स्नान कर शुद्धता के साथ गुचकुलिया, बरा, बोबरा, अइरसा, सोहारी, देहरौरी, खुरमी, गुलगुल भाजिया आदि पकवान बनाए जाते हैं। सभी अपनी पसंद अनुसार अलग-अलग पकवानों को बनाते है। घर के मुखिया या बड़े बुजुर्ग बिना सिला हुआ कपड़ा धोती या गमछा पहन कर देवता की पूजा करते हैं।

## अखंड ब्राह्मण समाज ने मनाया होली मिलन



अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा गुरु विहार में होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया । प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी एवम नारीशक्ति प्रकोष्ठ प्रदेश प्रमुख चित्रा तिवारी ने कार्यक्रम की शुरुवात राधे कृष्ण एवम भगवान परशुराम की आरती से किया।` विशिष्ट अतिथि समाज सेवी प्रमोद शर्मा एवं बंशी तिवारी थे। प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी। होली कार्यक्रम में मूर्खाधीराज की उपाधि लक्की ड्रा से निकाला गया, जिसमें योगेश शुक्ला और योगेश तिवारी को इस उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अणिमा तिवारी, मोहित मिश्रा, आदित्य मिश्रा, शशि शर्मा, सावित्री दुबे, जया पांडेय, सिब्बी शर्मा, शिवम तिवारी आदि उपस्थित थे।

## होली पर्व पर नशा मुक्त भारत अभियान का संदेश दिया



अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान का संदेश चलाया जा रहा है। होली पर्व के दिन गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर से सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं ने मिलकर नशा निवारण रैली निकालकर व्यसनमुक्त भारत अभियान का संदेश दिया। इस दौरान बिलासपुर के मुख्य प्रबंधक हेमराज वैश्य, उपजोन सह- समन्वयक राम कुमार श्रीवास, नंदिनी पाटनवार, ट्रस्टी रामगोपाल कश्यप, सविता तिवारी, रमेश मारू,गणेश श्रीवास,होमसिंह साहू, द्वारिका पटेल,पी.एल.कूर्मी, दिया ग्रुप-सौरभ पाटनवार, आशुतोष यादव आदि मौजूद रहे।

## समूह की दीदियों ने खेली स्वीप होली



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय तिफरा में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली एवं पेंटिंग के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। छात्राओं ने रंगोली बनाकर वोट के महत्व को बताया। सेल्फी जोन में विद्यार्थियों ने सेल्फी भी ली। बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पेंड्रीडीह में भी स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां स्व सहायता समूह की दीदियों ने सामूहिक रूप से लोकतंत्र में शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। दीदियों ने सुवा नृत्य एवं मानव श्रृंखला बनाकर कार्यक्रम को भव्य बना दिया। सभी ने स्वीप होली मनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

## मातृशक्ति परिषद् की बहनों की होली



समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् बिलासपुर जिला ईकाई की सहयोगी बहनों द्वारा रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली पर रंग में एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर बधाइयां दी। इस अवसर पर राही दुबे, वंदना शर्मा, रमा दीवान, स्वाति दीवान, इंदु दीवान, रानी शर्मा, मदालसा तिवारी, सरिता शर्मा, श्वेता शर्मा, विमलेश शुक्ला, माया दुबे विजयलक्ष्मी पाठक, चंद्रकांता गौराहा, श उर्वशी शर्मा, नंदनी मिश्रा, सरला शर्मा, सरस्वती शर्मा, शकुन शर्मा, जागृति दीवान सहित संगठन बिलासपुर शहर निवासी समस्त बहनें उपस्थित थीं।

## खबर संक्षेप



### एसपी ने किया बार्डर चेकपोस्ट एवं कोटमी पुलिस चौकी का निरीक्षण

**पेंड्रा।** एसपी भावना गुप्ता ने शनिवार को जिले के स्थैतिक निगरानी चेकपोस्ट खैरझिटी, मातीनदाई तथा कोटमी चौकी का निरीक्षण किया। एसपी भावना गुप्ता ने ड्यूटी पर उपस्थित कर्मचारियों से चेकिंग के बारे में जानकारी ली तथा हिदायत दी गई कि चेकिंग के दौरान पारदर्शिता बनी रहे, चुनाव प्रभावित करने वाली अवैध सामग्री का परिवहन न हो। चेकिंग किए जाने वाले वाहनों के रिकार्ड रजिस्टर में लेख करने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस चौकी कोटमी का आकस्मिक निरीक्षण कर चौकी परिसर की साफ सफाई का निर्देश दिया गया। चौकी परिसर के बाउंड्री हेतु आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव के तारतम्य में गुंडा तत्वों की पहचान कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करें।

### रासेयो शिविर के चौथे दिन लगा रक्तदान शिविर



**मुंगेली।** राष्ट्रीय सेवा योजना एकाई द्वारा सात दिवस विशेष शिविर में चौथे दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सेवा भारती, जिला अस्पताल एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी शामिल रहे। बीआरएसएम कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एकाई द्वारा सात दिवस विशेष शिविर का आयोजन अधिष्ठाता डॉ. जितेन्द्र सिन्हा के मार्गदर्शन में ग्राम चालान में किया गया। कार्यक्रम अधिकारी ई. अनुराग श्रीवास्तव ने शिविर के विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी दी। शिविर के चौथे दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सेवा भारती मुंगेली से गजेंद्र साहू, सुनील साहू, विकास बुनकर और कार्यक्रम में महाविद्यालय और जिला अस्पताल के स्वयं से कर्मचारी और अधिकारियो ने बढ-चढ़ कर हिस्सा लिया।

### मुरुम खदान में नहा रही कॉलेज छात्रा की डूबने से मौत



**मल्हार।** चौकी क्षेत्र के ग्राम जैतपुर में रविवार सुबह नहाने गई युवती की डूबने से मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाल आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई है। मृतका पचपेड़ी कॉलेज की प्रथम वर्ष की थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मल्हार चौकी क्षेत्र के ग्राम जैतपुर में सुबह 11 बजे के आसपास रूपरानी भैना पिता सुखदेव भैना उम्र 18 वर्ष अपनी बहन चित्राणी भैना के साथ घर से 200 मीटर दूर एक मुरूम खदान में नहाने गई थी। खदान में गांव के अन्य और लोग भी नहा रहे थे। सांस फूलने से रूपरानी भैना गहरे पानी में समा गई। जिसके बाद नहा रहे अन्य लोगों ने आसपास के लोगों को शोर मचाकर बुलाया। तब तक रूपरानी गहरे पानी में जा चुकी थी। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रूपरानी भैना को मुरूम खदान के गहरे पानी से बाहर निकाला गया। जिसके बाद परिजन ने मल्हार पुलिस को इसकी सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मृतका रूपरानी के पिता ग्राम जैतपुर के वार्ड पंच है।

### शांति व्यवस्था बिगाड़ रहे चार लोगों पर 151 के तहत कार्रवाई

**तखतपुर।** शांति व्यवस्था बनाने ग्राम टिहुलाडीह पहुंची पुलिस से ही विवाद करने व विवाद कर शांति व्यवस्था बिगाड़ रहे चार लोगों पर 151 के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टिहुलाडीह में पुलिस 112 को सूचना मिली कि गांव में दो पक्षों के बीच वाद विवाद हो रहा है। सूचना पर पुलिस गांव पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश दे रही थी। तभी एक पक्ष पुलिस से ही विवाद करने लगा। जिस पर पुलिस दोनों पक्षों करन मरावी, घश्याम जांगड़े, प्रकाश जांगड़े, शिवाजी जांगड़े को थाने ले आई और 151 के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

## निधन

### दुलारी बाई



**बिलासपुर।** ग्राम छतौना निवासी श्रीमती दुलारी बाई आनंद का 64 वर्ष की आयु में 23 मार्च शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम छतौना में किया गया। वे घसीराम की पत्नी व मंजू, पिंकी, लवली, रानू , स्व अंशु की मां थीं।

### घनश्याम शिवहरे



**तखतपुर।** वार्ड क्रमांक 13 बजरंग नगर के प्रतिष्ठित निवासी पूर्व पार्षद व भाजपा नेता घनश्याम शिवहरे का रविवार को निधन हो गया। वे 53 वर्ष के थे। वे प्रखर शिवहरे के पिता तथा शिवनारायण शिवहरे, चंद्रगोपाल शिवहरे, राजू व गणेश शिवहरे के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## होली पर रंग गुलाल सहित खाने पीने के सामानों जमकर हुई खरीदी

# होलिका दहन कर धूमधाम से मनाई गई होली



होली के रंग में रंगे युवा।

### होलिका दहन के पूर्व नगर होली के रंग में डूबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

होलिका दहन के पूर्व नगर होली के रंग में डूबने लगा। शाम होते ही युवाओं की टोली फाग की मस्ती में झूमती रही। युवा वर्ग रंग गुलाल के साथ होली खेलने में जुट गया। देर रात्रि तक क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन किया जाता रहा।

क्षेत्र में होली मनाने बच्चों, बुजुर्गों के चेहरों पर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। युवा वर्ग रंग, गुलाल, पिचकारी की खरीदी के पश्चात सुबह से ही एक दूसरे को रंग लगाते रहे। जो रात्रि तक चलते रहा। नगर के लगभग 20 स्थानों में बड़ा बाजार, पुराना बस स्टैण्ड, पुलपारा मलाई घाट, दाऊपारा, रावणभाठा, कुम्हार पारा, विनोबा नगर, नया बस स्टैण्ड, तिलक वार्ड, पड़ाव चौक, खर्रीपारा आदि स्थानों सहित ग्राम रामगढ़, खैरवार, नवांगांव, घुठेरा, संगवा, सुरदा, देवगांव, करही आदि में होलिका दहन के पूर्व ही लोग होली के माहौल में नजर आने लगे थे। होलिका के पूर्व नगाड़ों की थाप पर फाग गीतों का गायन हो रहा है।

### कानून व्यवस्था बनाए रखने मल्हार चौकी में शांति समिति की बैठक

**मल्हार।** होली को लेकर मल्हार चौकी में शांति समिति की बैठक रखी गई। बैठक में चौकी क्षेत्र के सरपंच, कोटवार व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। चौकी प्रभारी ने होली में डीजे नहीं बजाने, महिलाओं को जबरन रंग, गुलाल न लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, समय में होलिका दहन करने सहित विभिन्न सावधानी बरतने लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि हुडदंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी खासकर मल्हार के बाजार चौक, मेला चौक, बस स्टैंड, मंदिर चौक सहित सभी संवेदनशील स्थानों में पुलिस जवान तैनात रहेंगे। इस बार 15 दिवसीय मल्हार मेले में अराजक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया है। इस दौरान चाकूबाजी की कई घटनाएं भी सामने आई है। इस लिहाज से पुलिस को चप्पे चप्पे पर तैनात किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने पुलिस को हर संभंव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### उत्साह व उमंग का त्यौहार, सौहार्द्रपूर्ण ढंग से भाईचारे के साथ मनाएं होली

**मुंगेली।** रंगों का त्यौहार होली उत्साह व उमंग के साथ सादगीपूर्ण ढंग से मनाना चाहिए। होली के वर्तमान स्वरूप पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से चर्चा करने पर उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए शांति पूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की बात कही।



**विधायक पुन्नूलाल मोहले-** युवा वर्ग को शांति पूर्ण एवं सादगी से होली का त्यौहार मनाना चाहिए। होली में नशे व अपशब्दों से बचकर सौहार्द्रपूर्ण ढंग से भाईचारे के साथ मनाना चाहिए।



**पूर्व विधायक तोखन साहू-** होली उत्साह, उमंग और भाईचारे का त्यौहार है। इसे इसी रूप में मनाया जाए तो इसका मजा ही कुछ और है। पानी का द्रुरूपयोग ना कर गुलाल से सूखी होली खेलना चाहिए।



**नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी-** होली भारत का प्रमुख त्यौहार है। इस त्यौहार को सादगीपूर्ण ढंग से मनाया जाना चाहिए। पानी का द्रुरूपयोग नहीं करना चाहिए। जहां तक हो सके सूखी होली खेलनी चाहिए। त्यौहार को शांति पूर्वक मनाया जाना चाहिए।



**जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर-** समाज की विकृतियों को त्यौहार से न जोड़कर सादगी पूर्ण ढंग से मनाया जाना चाहिए। ये त्यौहार खुशी व रंगों का त्यौहार हैं।

**भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेष पाठक-** रंगों का त्यौहार होली को मौज मस्ती का त्यौहार मानते हुए पूरे उमंग के साथ होली खेलने की बात कही। होली भाईचारे के साथ मनाना चाहिए।



**जनपद पंचायत मुंगेली अध्यक्ष गायत्री रामफल साहू-** परंपरा में अब बदलाव आ गया है। केमिकलयुक्त हानिकारक रंगों का प्रयोग ना कर गुलाल से होली खेलना चाहिए। लोगों को शांति पूर्ण ढंग से होली मनाते हुए पर्यावरण संरक्षण व जल संचय के प्रति जागरूक होना चाहिए। जिला आबकारी अधिकारी प्रकाश पाल- होली फाल्गुन की मस्ती भरा त्यौहार है। होली में प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करना चाहिए। परंपरागत टेशू के फूल का प्रयोग कर होली खेलना चाहिए।



### सामानों की खरीदारी में उमड़े गांव व शहर के लोग

**मुंगेली।** रंगों का त्यौहार होली मनाने लोगों में भारी उमंग रहा। मिठाई, किराना व कपड़े की दुकानों में भी लोगों की भीड़ रही। होली के अवसर पर प्रशासन ने होली के दिन शुष्क दिवस घोषित किया हैं। शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित की गई हैं, परन्तु पीने वालों पर इसका कोई विशेष असर नहीं होता। मदिरा प्रेमियों द्वारा शराब का स्टाक अपने घरों पर जमा कर लिया गया हैं।

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शक्कर की बनी माला हरवा की खरीदारी करने लोग जुटे रहे। होली के रगों का असर ऐसा रहता है कि बच्चों के साथ महिलाएं भी होली के लिए रंग गुलाल एवं पिचकारियों की खरीदारी करती है। होली ही एक मात्र ऐसा त्यौहार हैं जिसमें लोग जमकर पीते व पिलाते हैं, फिर चाहे पूरी जेब ही खाली क्यों न हो जाए इसकी फिक्र भला किसे रहती हैं। होली की पूर्व संध्या पर नगर के अंग्रेजी व देशी शराब दुकानों में भारी भीड़ देखी जा रही हैं। कई लोग होली में भांग का सेवन करते हैं। भांग प्रेमी बाहर शहरों से भांग की गोली मंगवा कर त्यौहार को रंगने की जुगत में लगे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर मांस प्रेमी भी पीछे नहीं हैं। हाट बाजारों में त्यौहार को लेकर बिकवाली जोरों पर हैं, मुर्गा-बकरा, मछली की बिक्री भी खूब हो रही हैं।



बाजार में खरीददारों की भीड़।

### रसोइयों की जोन स्तरीय बैठक में जमकर उड़े रंग और गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

- फाग गीतों की जमी महफिल

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवाडीह सीपत में मस्तूरी बीईओ अश्वनी भारद्वाज के निर्देशानुसार शनिवार को जोन स्तरीय एक दिवसीय रसोइया का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। प्रशिक्षण में संकुल केंद्र कन्या सीपत बालक सीपत गुड़ी जांजी पोड़ी के 80 रसोइयों को मास्टर ट्रेनर सहशैक्षिक समन्वयक प्रमोद कुमार, श्रीकांत श्रीवास, तुलेश्वर सिह कौशिक, रामबाबू कर्ष, आरपी साहू ने भोजन बनाने से पूर्व व परोसने तक के विभिन्न सावधानियों की बिन्दुवार जानकारी दी। इस दौरान रसोइयों के द्वारा फाग गीतों से प्रशिक्षण को रोचक बनाते हुए स्व प्रेरणा से किए गए कार्यों को बताया गया।



प्राथमिक शाला नवाडीह के रसोइयों द्वारा स्वसहायता समूह के सहयोग तालमेल से ड्रेस कोड लागू होने की बात कही गई। इस दौरान रसोईया बहनों ने रंग गुलाल उड़ाकर पर्व की बधाई दी। बैठक के बाद रसोइयों की फाग गीतों की महफ़लि सजी रही।

## मानव श्रृंखला बनाकर दिया शत प्रतिशत मतदान का संदेश

**खास बात**

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वतंत्र, निष्पक्ष मतदान के लिए दिलाई

**पेंड्रा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को गुरूकुल खेल मैदान गौरेला में होली त्यौहार के अवसर पर ''चुनाव के रंग-देश के संग'' का जिला स्तरीय होली मिलन स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारत माता के नक्शे में विशाल आकार में मानव श्रृंखला बनाकर और खुले आसमान में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़कर शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया।



इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लीना कमलेश मंडावी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वतंत्र एवम निष्पक्ष मतदान के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने आगामी निर्वाचन में लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा बनाए रखते हुए किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का शत प्रतिशत उपयोग करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर आनंद रूप तिवारी, प्रिया गोयल एवम देलेराम डाहिरे, स्वीप के जिला नोडल के पी तेंदुलकर, एसडीएम पेंड्रारोड अमित बेग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ ललित शुक्ला, सीएमएचओ डॉ आई नागेश्वर राव, जिला शिक्षा अधिकारी जे के शास्त्री, महिला एवम बाल विकास अधिकारी अतुल परिहार, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक दुर्गाशंकर सोनी, सीईओ जनपद गोरेला एच एन खोटेल एवम पेंड्रा डॉ संजय शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, स्कूली छात्र-छात्राऐं, स्वसहायता समूह की महिलाऐं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, कोटवार, पटवारी, रोजगार सहायक, सचिव, गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### करगीकला में पदस्थ डॉक्टर की गाड़ी को मारी टक्कर, अपराध दर्ज

**तखतपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करगीकला कोटा में पदस्थ डॉ.सृष्टि पाटले अपने भाई के साथ स्वीप्ट डिजायर में करगीकला जा रही थी। इसी दौरान कोटा मोड़ के पास अज्ञात स्कार्पियो चालक लापरवाही पूर्वक तेजगति से वाहन चलाते हुए टक्कर मारकर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात स्कार्पियो वाहन चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार करगीकला कोटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ. सृष्टि पाटले जो कि आनंद नगर उस्लापुर में रहती है। अपनी स्वीप्ट डिजायर सीजी 10 एई से 2796 में अपने भाई मयंक पाटले के साथ करगीकला जा रही थी। तभी कोटा मोड़ के पास अज्ञात स्कार्पियों चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मारकर फरार हो गया। पुलिस ने 279 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है।



### हर्षोल्लास के साथ किया गया होलिका दहन

**तखतपुर।** नगर सहित क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ होलिका दहन किया गया। रात भर फाग गीत चलते रहे। सुबह लोग होली के रंग में रंगते नजर आए। होली की खुमारी शाम से ही दिखने लगी।

शाम होते ही लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामना देते नजर आए। वहीं शाम को शुभ मुहूर्त में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया। आपसी भाईचारा प्रेम का पर्व होली उल्लास का वातावरण में पूरे क्षेत्र में मनाया गया।

छोटे बच्चे युवा बुजुर्ग सभी होली के रंग में रंगे नजर आए। मत भिन्नता के कारण लोग पशोपेश में रहे। क्षेत्र में 24 मार्च को ही शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया। किसी भी प्रकार की कोई अपनी घटना ना घटे इसको लेकर पुलिस भी मुस्तैद रही। रात्रि में पुलिस गश्ती देती रही और लोगों को संदेश देते रहे कि किसी भी तरह की परिस्थिति निर्मित होने पर पुलिस तैयार है।

## खाद्य विभाग के निर्देश- जब तक नया कार्ड नहीं मिल पाता, पुराना कार्ड अमान्य

# राशनकार्ड हितग्राहियों में असमंजस की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले भर के राशनकार्ड हितग्राहियों में असमंजस की स्थिति बन गई है। राशनकार्ड में उचित मूल्य की दुकान से राशन मिल पाएगा या नहीं। इसे लेकर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक नया कार्ड हितग्राही को मिल नहीं जाता, तब तक पुराना कार्ड मान्य रहेगा।

लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगते ही जिले में नए राशन कार्ड का वितरण बंद हो गया है। इससे जिले भर के हितग्राहियों में असमंजस की स्थिति बन राशनकार्ड में उचित मूल्य की दुकान से राशन मिल पाएगा या नहीं। इसे लेकर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक नया कार्ड हितग्राही को मिल नहीं जाता, तब तक पुराना कार्ड मान्य रहेगा। जिले में लगभग 2 लाख 18 हजार राशनकार्ड धारियों का नवीनीकरण हुआ था, जिसमें से अधिकांश कार्डो का वितरण नही हो पाया है। कुछ क्षेत्रों में नए राशन कार्ड का वितरण हो चुका है, परंतु कई जगह का रिकार्ड आनलाईन नहीं हो पाया है। खाद्य निरीक्षक ने बताया कि आचार संहिता के मद्देनजर फिलहाल नए राशनकार्ड का वितरण बंद किया गया है। आचार संहिता हटने के बाद शेष बचे हितग्राहियों को नए राशनकार्ड का वितरण किया जाएगा। आचार संहिता के पहले नवीनीकरण करा चुके हिग्राहियों में कई हितग्राही ऐसे है, जिनका नया कार्ड बन तो गया है, परंतु वितरण नहीं होने के कारण उन्हें नहीं मिल पाया है। आचार संहिता के एक दिन पहले तक नगरीय निकाय एवं जनपद के सभी कार्यालयों से लेकर वार्ड पार्षद एवं सरपंच कार्यालय में भी नए कार्ड बांटे जा रहे थे, लेकिन आचार संहिता लगने के बाद सभी जगह शिविर बंद कर दिए गए। पार्षद एवं सरपंचों को बतौर सहयोग बांटने के लिए दिए गए नए कार्ड नगरीय निकाय और जनपद ने वापिस लेकर अपने अपने कार्यालय में जमा कर लिए है। इनमें अब उन्हीं हितग्राहियों को नया कार्ड कार्यालयों से मिलेगा, जो अपना पुराना राशन कार्ड जमा करा चुके है।




नये राशन कार्ड ।

### फिलहाल वितरण बंद

नए राशनकार्ड में राज्य के मुख्यमंत्री व खाद्य मंत्री के अलावा देश के प्रधानमंत्री की फोटो लगी हुई है। इसलिए यह आचार संहिता के दायरे में है, इसे देखते हुए राज्य सरकार ने फिलहाल नए राशनकार्ड का वितरण बंद करा दिया है। इसका वितरण अब आचार संहिता हटने के बाद ही किया जाएगा। खाद्य विभाग ने नगरीय निकाय और जनपद पंचायत को उनकी माँग के अनुसार नए राशन कार्ड पहुँचा दिया गया था और इन संस्थान के माध्यम से राशन का वितरण हितग्राहियों को वितरण किया गया। खाद्य निरीक्षक संदीप पाण्डेय ने बताया कि नया राशनकार्ड जब तक हितग्राही को नहीं मिल जाता, तब तक पुराना राशन कार्ड ही मान्य रहेगा। दुकानदार पुराने राशन कार्ड पर सामान देंगे। हितग्राहियों के पुराने एवं नए राशन कार्ड दोनों के सीरियल नंबर एक ही है, इसलिए राशन देने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है।

**नाम परिवर्तन सुचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरा नाम राज ऋषि धाली, (RAJ RISHI DHALI) पिता श्री ब्रोजेंद्र नाथ धाली है । मेरे कक्षा 10 वी तथा कक्षा 12 वी के मार्कशीट मे त्रुटीवश उपनाम (Surname) ''धाली'' (Dhali) नही लिखा गया ।

अत: मेरा पुर्व नाम 'राज ऋषि' (Raj Rishi) को त्यागकर अब नया कुल पुरा नाम '' राज ऋषि धाली'' (Raj Rishi Dhali ), निवास - फ्लैट न. 301, ब्लाक A, वसुंधरा टावर, शंकर नगर बिलासपुर (छ.ग.), रख लिया हूँ।

अत: अब से मेरा केवल पुरा नाम '' राज ऋषि धाली'' (Raj Rishi Dhali) पढ़ा जावे तथा मुझे अब से तथा भविष्य मे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, प्राईवेट, शैक्षणिक अन्य सभी दस्तावेजों मे मेरा कुल पुरा नाम '' राज ऋषि धाली'' (RAJ RISHI DHALI) के नाम से पुकारा जावे, जाना जावे, एवं पहचाना जाये!

शपथकर्ता
राज ऋषि धाली
(RAJ RISHI DHALI)

## खबर संक्षेप

### चर्च ऑफ़ ख्राईष्ट में पॉम संडे धूमधाम से मनाया गया



**बिलासपुर।** पॉम संडे का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पास्टर सुदेश पॉल द्वारा रविवार को तारबाहर मसीह टेंट हाउस से जुलूस निकाला गया। जुलूस इंदिरा गाँधी चौक, सीएमडी चौक से हुए चर्च भवन पहुँचा। मार्ग में चर्च के जवानों द्वारा लस्सी वितरण किया गया। चर्च में आराधना का संचालन मुकेश पॉल ने किया। उपदेश पास्टर सुदेश पॉल के द्वारा सुनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विल्सन जॉन, अरविंद कुमार, मुकेश पॉल, प्रवीण जैसल, सनी जॉन, पास्टर शामुएल वालेस, राहुल जॉन, नार्मन हेनरी, नवीन विलियम, जेरल्ड डेनियल, राकेश पॉल, बोल्डी कुमार का योगदान रहा।

### सतबहनियां दाई महिला सेवा समिति की महिलाओं ने खेली फूलों की होली



**बिलासपुर।** मां सतबहनियां दाई महिला सेवा समिति कुदूदण्ड की महिलाओं ने गेंदा फूल और रंग बिरंगे गुलाल से होली मिलन समारोह का आनंद उठाया। महिला सेवा समिति के सदस्यों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूखी होली खेलने का निर्णय लिया। सबसे पहले श्रीमती जमुना सोनी और समिति के सदस्यों ने मां सतबहनियां दाई और मां जगत जननी दुर्गा की पूजा अर्चना कर फूल और गुलाल लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने आपस में गले मिलकर होली के गीतों में एक दूसरे को गुलाल लगाकर फूलों के साथ होली खेली। राधा रानी के गीतों में खूब झूमें। इस अवसर पर सतबहनियां मंदिर समिति से जमुना सोनी, सुशीला सोनी, घसनीन यादव, श्यामा उपाध्याय, इंद्राणी गहलोत, आरबी सोनी, मधु मानिकपुरी, शिवानी कश्यप, श्रीमती, काजल कश्यप, सहोदरा सोनी, सरिता वासिंग, रमा तिवारी, रिता वासिंग, आशा दुबे, सीमा चौहान, गंगोत्री निर्मलकर, अन्नु कश्यप, सुषमा मराठा, गुलेश्वरी सोनी, सुष्मिता सोनी, लक्ष्मीन सोनी, भारती सोनी, सोनप्रभा मिश्रा, कविता शर्मा, अनिता मरावी आदि ने भाग लिया।

### शोभा की किताब 'शब्द अभिषेक' का विमोचन, विप्रजनों का किया सम्मान



**बिलासपुर।** आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शोभा त्रिपाठी ने विप्र सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर उनके द्वारा लिखित किताब 'शब्द अभिषेक' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में विप्र समाज के वरिष्ठ जनों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच में अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, राज्य राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्षा शोभा त्रिपाठी द्वारा उनके द्वारा लिखित किताब 'शब्द अभिषेक' का विमोचन भी किया गया । कार्यक्रम में विप्र समाज के वरिष्ठ जनों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच में अतिथि के रूप में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, थावे विद्या पीठ के कुलपति डॉ विनय कुमार पाठक, उप कुल सचिव डाः गिरधारी लाल अग्रवाल, डाः राघवेंद्र दुबे आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी,रेखेंन्द्र तिवारी,महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्षा शोभा त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महासचिव, राकेश तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बड़ी कंपनियां अब नहीं रोक सकेंगी भुगतान

### केन्द्र ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम ईकाई (एमएसएमई) उद्यमियों के भुगतान के लिए बड़ी राहत दी

# छोटे उद्यमियों को 45 दिनों में पेमेंट नहीं किया तो लगेगा 30% टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्र सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम ईकाई (एमएसएमई) उद्यमियों के भुगतान के लिए बड़ी राहत दी है। इसके तहत अगर 45 दिनों के अंदर एमएसएमई उद्यमियों का भुगतान नहीं होता तो भुगतान की राशि खरीदारी के आय में जुड़ जाएगी। साथ ही हो सकता है कि 30 प्रतिशत टैक्स देना पड़ सकता है। एमएसएमई के मुताबिक यह नियम एक अप्रैल से लागू हो रहा है और इसके अनुसार अगर 31 मार्च तक एमएसएमई का भुगतान नहीं हुआ है तो खरीदारी की रकम आय में जोड़ दी जाएगी। जानकारों का कहना है कि ऐसा नियम इसलिए लाया गया है ताकि भुगतान के लिए छोटी कंपनियों या छोटे कारोबारी को भटकना न पड़े।

- समय पर एमएसएमई का भुगतान नहीं हुआ है तो खरीदारी की रकम आय में जोड़ दी जाएगी

मालूम हो कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पिछले वर्ष एक फरवरी को पेस बजट में एमएसएमई की कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) की समस्या को दूर करने के लिए 45 दिनों के भीतर खरीदारी के भुगतान को अनिवार्य करने का नियम लाया गया था। बताया जा रहा है कि भले ही भुगतान 45 दिन में न करने पर खरीदार के बैलेंस शीट में आय के रूप में यदर्ज हो जाएगी और उसे टैक्स बी देना पड़ेगा। लेकिन बाद में उस खरीदारी की रकम का भुगतान करने पर खरीदारी अगले साल सरकार से टैक्स की रकम रिफंड के रूप में वापस ले सकता है।

### एमएसएमई उद्योग का रजिस्टर्ड होना जरूरी

बताया जा रहा है कि एमएसएमई इस नियम में तोड़ा बदलाव चाहते है। विशेषकर टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े एमएसएमई भुगतान नियम में 45 दिन की जगह 90 दिन चाहते है। इसके साथ ही कैट द्वारा भी इस संबंध में मांग की गई थी कि वह इस नियम को अप्रैल 2024 से लागू न कर अप्रैल 2025 से करें। जानकारों का कहना है कि इसमें शर्त यह है कि कोई भी सूक्ष्म, लघु और मध्यम ईकाई(एमएसएमई) रजिस्टर्ड होना चाहिए। एमएसएमई उद्योग रजिस्टर्ड है तो ही उसे इसका फायदा मिलेगा। छोटी ईकाईयों के लिए यह बड़ा लाभदायक है। दूसरी ओर भुगतान में अगर किसी भी प्रकार से कोई विवाद है तो उस स्थिति में 45 दिनों के अंदर भुगतान करना आवश्यकता नहीं है लेकिन जैसे ही विवाद का निपटारा हो जाता है,उस दिन से लेकर 45 दिनों के अंदर भुगतान करना होगा।

### छोटे उद्यमियों को होगा लाभ

इस व्यवस्था का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि बड़ी कंपनियां अब छोटी कंपनियों का भुगतान नहीं रोकेंगी। अब तक ऐसा होता था कि बड़ी कंपनियां महीनों तक भुगतान रोक देती थी। इसका लाभ एमएसएमई की उन्हीं कंपनियों को मिलेगा, जो रजिस्टर्ड होंगी। इसके लिए ईकाई मालिक बिल पर अपना एमएसएमई नंबर भी डालना शुरू कर सकते है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्यमियों के लिए यह नियम काफी फायदेमंद है।

- हरीश केडिया, प्रदेश अध्यक्ष
छग लघु उद्योग संघ

## 46 लोगों ने सालों से किया था कब्जा, अब यहां बनेगी 80 फीट चौड़ी सड़क

# मंगला आजाद चौक पर कब्जा हटाने के तुरंत बाद निगम ने शुरू कराया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जाम से निजात दिलाने नगर निगम ने मंगला आजाद चौक में तोड़फोड़ की कार्रवाई के तुरंत बाद निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। मौके पर निगम द्वारा सबसे पहले नाला निर्माण के लिए खुदाई शुरू की गई है।

सड़क के दोनों तरफ नाला निर्माण का काम शुरू करा दिया गया है। इसके बाद चौराहे के बीच लगे ट्रांसफार्मर को बिजली विभाग द्वारा दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। इसके बाद आखिर में सड़क का निर्माण किया जाएगा। निगम की इस कार्रवाई से आसपास के लोगों को जाम से राहत मिलेगी, लेकिन जिनके घर तोड़े गए हैं, उन परिवारों में निगम के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। इधर, निगम चौराहे पर दोबारा कब्जा न हो इसलिए तेजी से निर्माण संबंधित सभी काम करा रहा है। इससे पहले इस सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जाना था। दरसल मंगला के आजाद चौक के पास सड़क संकीर्ण होने से आए दिन जाम लगता था। इस क्षेत्र में रहने वालों को इस चौराहे में लंबी जाम का सामना करना पड़ता था। अब निगम ने यहां हुए अतिक्रमण को खाली कराकर यहां यहां नाली का निर्माण शुरू करा दिया है। इसके बाद सड़क बनते ही इस क्षेत्र में रहने वालों को यहां लगने वाले जाम से राहत मिलेगी।



### लोगों ने किया था कब्जा

मंगला के आजाद चौक और आसपास सड़क किनारे सालों से कब्जा कर घर और दुकान बना दिया गया था। जिला प्रशासन तीन-चार सालों से बेजा कब्जा हटाने का प्रयास कर रही थी। ऐसे में पिछले दिनों निगम ने अतिक्रमण करने वाले 46 को नोटिस जारी किया गया था, अल्टीमेटम के बाद भी अवैध निर्माण नहीं हटाने पर 4 मार्च 2024 को निगम ने यहां सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करने अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलवाया।

### चौराहे से कटवाया पेड़

सड़क के कब्जा मुक्त होने के बाद यहां पर 80 फिट चौड़ी सड़क का निर्माण होगा। जिससे इस क्षेत्र की यातायात व सड़क संबंधी समस्या दूर हो जाएगी और क्षेत्र का उचित विकास संभव हो सकेगा। चौराहे को बढ़ाने में यहां एक विशाल पीपल का पेड़ भी बाधा बन रहा था। निगम ने इसे भी कटवा दिया है। अब चौराहे का आकार भी बढ़ेगा। मंगला के साथ ही कुदुदण्ड जाने वाले रोड़ से भी कुछ दूरी तक बेजा कब्जा हटाया गया है।

### सड़क की बाधा दूर

मंगला से भैंसाझार जाने वाली सड़क के लिए ये अतिक्रमण सबसे बड़ी रोड थी। वर्तमान में मंगला के आगे भैंसाझार तक सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है। केवल मंगला बस्ती के आसपास एक-दो किलोमीटर का काम बचा हुआ है। मंगला बस्ती में अतिक्रमणकारियों की वजह से कई सालों से सड़क चौड़ीकरण का काम भी रुका हुआ है। नगर निगम ने अब अतिक्रमण हटा दिया है। ऐसे में जल्द ही सड़क का काम भी पूरा हो जाएगा।

## ओयू में तीन दिवसीय अध्ययन यात्रा का समापन

# देश को एक सूत्र में बांधने सिर्फ हिंदी भाषा की जरूरत

- अन्य प्रदेश से आए छात्रों ने पुरातात्विक एवं धार्मिक नगरी रतनपुर का किया भ्रमण



**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अध्ययन यात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. किरण झा, सहायक निर्देशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली, वरिष्ठ शिक्षाविद् प्राचार्य डॉ. राजेश दुबे शामिल हुए । वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने की।

समापन समारोह के पूर्व अन्य प्रदेश से आए छात्र पुरातात्विक एवं धार्मिक नगरी रतनपुर पहुंचे । जहां महामाया देवी दर्शन व ऐतिहासिक किले के भ्रमण के बाद शासकीय महामाया महाविद्यालय, रतनपुर में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने कहा कि पूरे देश को एक सूत्र में बांधने के लिए एक भाषा की आवश्यकता है और वह हिंदी है। छात्र अध्ययन यात्रा का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि यात्रा से जो अनुभव सीखने मिलते हैं वह भाषण से कहीं ज्यादा है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुई डॉ. किरण झा, सहायक निर्देशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली ने छत्तीसगढ़ के आतिथित्य स्वागत की काफी प्रशंसा की, वही यहां की कला संस्कृति पर गर्व किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए वरिष्ठ शिक्षाविद प्राचार्य डॉ. राजेश दुबे, रायपुर ने गैरहिंदी भाषा क्षेत्र से आए युवाओं को भाषा का दूत बताया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री भुवन सिंह राज ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस अध्ययन यात्रा से वे ना सिर्फ़ छत्तीसगढ़ की कला व संस्कृति से अवगत हुए हैं बल्कि आपके व्यक्तित्व के विकास में भी इन यात्रा का बहुत प्रभाव पड़ेगा। समापन सत्र की प्रस्तावना मानवीकी संकाय के निर्देशक डॉ. हीरालाल शर्मा ने रखी, जिसके बाद मराठी एवं मलयालम भाषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जयपाल ने दिया।

# 8 करोड़ का हैप्पी स्ट्रीट, उद्घाटन के 10 दिन बाद म्यूजिक फाउंटेन, फव्वारे बंद



**बिलासपुर।** पचरी घाट अरपा नदी के तट किनारे स्मार्ट सिटी ने 8 करोड़ 5 लाख रूपए की लगात से हैप्पी स्ट्रीट का निर्माण कराया है। 12 मार्च को उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने इसका उद्घाटन भी किया, लेकिन 10 दिन में ही अब इसकी रैनक धीरे-धीरे खत्म होने लगी है। यहां लगे म्यूजिक फाउंटेन बंद हो चुके हैं। अब बंद पड़े म्यूजिक फाउंटेन को देख उदास और मायूस हो रहे हैं। उद्घाटन के दो दिन बाद ही निगम के अफसर इसके देखरेख करना भूल गए हैं। दरसल शनिचरी चौपाटी की कंक्रीट उखाड़ कर बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा हैप्पी स्ट्रीट का निर्माण कराया गया। इसका ठेका अविनाश बिल्डकॉन को दिया, जिसने 8 करोड़ 5 लाख रूपए में यहां ओपन थिएटर का मंच, साइकिलिंग ट्रैक, लैंड स्केपिंग, उद्यान, मनोरंजन के लिए म्यूजिकल फाउंटेन, रंगबिरंगी रोशनी बिखेरने वाली लाइटिंग पैदल चलने के लिए पाथवे सुस्वाद व्यंजन के लिए स्टॉल लगाने माडल कियोस्क बनाया गया। लेकिन उद्घाटन के 10 दिन बाद ही म्यूजिकल फाउंटेन बंद है। रंगीन रौशनी भी नहीं हो रही हैं।

### टेस्टिंग में है एक दो दिन बाद म्यूजिक फाउंटेन होगा शुरू

हैप्पी स्ट्रीट अभी टेस्टिंग में है। खंभों के तार जो खुले है उसे ठीक कराया जाएगा। टेस्टिंग में होने के कारण म्यूजिक फाउंटेन भी बंद हो गया है। एक दो दिन में ये पूरी तरह से सुधार के साथ शुरू हो जाएगा।

**-अमित कुमार**, एमडी स्मार्ट सिटी।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः । न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।

।। विनम्र श्रद्धांजली ।।

जन्म
01.01.1930



निर्वाण
17.03.2024

अत्यंत दुःख के साथ सूचित कर रहे है कि हमारी
पूज्यनीया माता जी श्रीमती जेठिया देवी साहू
का स्वर्गवास दिनांक 17/03/2024, दिन रविवार को हो गया है।
जिनका दशगात्र दिनांक 26/03/2024, दिन मंगलवार को रखा गया है।

:: कार्यक्रम स्थल ::
सामुदायिक भवन नर्मदा नगर बिलासपुर
समय-दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक

: विनीत :
एस. आर. साहू, बृजेश साहू, पी. आर. साहू (पुत्र)
अनिल, जितेन्द्र, देवेन्द्रकांत, धीरेन्द्र, कुलदीप, अविनाश, प्रखर, देवेन्द्र, नागेश एवं समस्त साहू परिवार

फर्म - • मे. गीतांजली कंस्ट्रक्शन्स • गीतांजली इंफ्रा एंड इंजीनियरिंग सर्विसेस
• बी डी ए ग्रुप, नेहरु नगर, बिलासपुर मो. 7000021442

नोट- जिन स्नेहीजन को शोकपत्र नहीं मिला हो कृपया इसे ही शोकपत्र समझकर निमंत्रण स्वीकार करें

## चार जून के बाद ही हो सकेंगी परीक्षाएं

# व्यापमं की भर्ती परीक्षाओं पर तीन महीने तक ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आचार संहिता लगने के कारण छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की तरफ से आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं में लगभग तीन महीने का ब्रेक लग गया है।

चार जून के बाद मत्स्य निरीक्षक, छात्रावास अधीक्षक, पुलिस विभाग और उच्च शिक्षा विभाग में भृत्य, चौकीदार, स्वीपर समेत अन्य पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। इससे पहले पिछले वर्ष भी विधानसभा चुनाव के कारण नवंबर-दिसंबर में भर्ती परीक्षा नहीं हुई। नई सरकार गठन के बाद जनवरी में भी भर्ती परीक्षाएं नहीं हो सकीं हैं। हालांकि फरवरी में प्रत्येक रविवार को भर्ती परीक्षा ली गई। इसके बाद फिर से आचार संहिता के कारण विराम लग गया है। अधिकारियों के अनुसार भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया यथावत जारी रहेगी। मई के आखिरी सप्ताह के बाद से जून और जुलाई में व्यापमं से लगातार परीक्षाएं होंगी। इसमें प्रवेश, पात्रता और भर्ती परीक्षाएं शामिल हैं। ज्ञात हो कि एमएसीए, पोस्ट बेसिक नर्सिंग, बीएड, डीएलएड, पीईटी, पीएटी, बीएससी नर्सिंग, बीए.बीएड, बीएससी.बीएड, पालीटेक्निक टेस्ट जैसी प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। इसी तरह पिछले दिनों शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी टीईटी के लिए भी व्यापमं से आवेदन मंगाए गए हैं। राज्य पात्रता परीक्षा यानी सेट के लिए आवेदन की प्रक्रिया 13 मई से शुरू होगी, जबकि यह परीक्षा सात जुलाई को आयोजित की जाएगी।

### मत्स्य निरीक्षक, लैब टेक्नीशियन जुलाई में

इसके साथ व्यापमं से मत्स्य निरीक्षक, उच्च शिक्षा विभाग के तहत लैब टेक्नीशियन, हास्टल वार्डन, जैसे पदों पर भर्ती होगी। इनकी भर्ती परीक्षा जुलाई से शुरू होने की संभावना है। जून महीने में तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाएं चलेगी। इस वजह से भर्ती परीक्षाओं में ब्रेक लगा रहेगा। इसी तरह उच्च शिक्षा विभाग के तहत प्रयोगशाला परिचारक, भृत्य, चौकीदार की भर्ती होगी। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग से आवेदन मंगाए गए थे, अब परीक्षा व्यापमं से ली जाएगी। बहुत ज्यादा आवेदन आने के कारण उच्च शिक्षा विभाग ने भर्ती परीक्षा के लिए व्यापमं को पत्र लिखा था। व्यापमं की तरफ से भर्ती परीक्षा के लिए तैयारी भी शुरू हो गई है। यह परीक्षा भी जुलाई या इसके बाद होने की संभावना है।

### जून में व्यापमं लेगा नौ परीक्षाएं

इसके साथ ही जून में व्यापमं की तरफ से प्रवेश और पात्रता समेत नौ परीक्षाएं होंगी। इस लिहाज से यह परीक्षाओं का महीना होगा। प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू है। बीएड व डीएलएड की प्रवेश परीक्षा दो जून को होगी। इसी तरह प्री इंजीनियरिंग व प्री फार्मेसी टेस्ट छह जून, बीएससी नर्सिंग व प्री-बीए.बीएड, प्री-बीएससी. बीएड 13 को, प्री एग्रीकल्चर टेस्ट 16 को और प्री पालीटेक्निक टेस्ट 23 जून को होगा। इसी तरह जून में ही छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 23 जून को होगी। जुलाई में केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा भी होगी।

**खबर संक्षेप**

## 4 किलो गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर**। पुलिस ने अवैध रूप से गांजा युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 4 किलो गांजा जब्त किया गया है। सिविल लाइन टीआई प्रदीप आर्या को मुखबिर से सूचना मिली मंगला बाजार के पास एक युवक गांजा बिक्री करने के लिए खड़ा हुआ है। उनके निर्देश पर एएसआई राजेशधर दीवान ने स्टाप के साथ मंगला बाजार के पास घेराबंदी करते हुए बद्री विशाल राठौर पिता स्व. निर्मल सिंह 35 साल पेड़ा खोडरी निवासी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 4 किलो गांजा मिला है। जब्त गांजा की कीमत 40 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## किराए में कार लेकर बेच दिया, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। किराए में कार लेकर दूसरे 5 लाख रुपए में बेच देने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मध्य प्रदेश सतना रोड मैहर निवासी राज प्रकिाश द्विवेदी ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। उन्होंने अपनी कार क्रमांक सीजी 16 सीएम, 4771 को चिल्हाटी हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी मो. अनिश को 26 हजार रुपए महीने के हिसाब से किराए में दिया था। अनिश ने दो महीने का किराया जमा किया। उसके बाद किराया देना बंद कर दिया। तीसरे महीने मालिक ने कार लाकर दिखाने को कहा तो वह गोलमोल जवाब देने लगा। इसी बीच उन्हें पता चला कि अनिश वाहन किराए में लेकर बेच देता है। इसी दौरान उनके मोबाइल में कार सर्विसिंग क मैसेज आया। मैसेज के आधार पर उन्होंने सर्विसिंग सेंटर से कार लेकर आने वाले व्यक्ति पता लिया। उसके बाद उक्त व्यक्ति के पास मिले तो उसने बताया, वह कार को 5 लाख देकर खरीद लिया है। श्री द्विवेदी ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर मो. अनिश के खिलाफ धारा 406 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## प्रतिबंधित कफ सिरप सहित युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर**। पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सिरप बेचते हुए एक युवक को पकड़ लिया है। उसके पास कफ सिरप जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई भारती मरकाम को सूचना मिली, गणेशनगर नयापारा ब्रिज के पास एक व्यक्ति बिक्री करने के लिए प्रतिबंधित कफ सिरप रखा हुआ है। उनके निर्देश पर एएसआई उमेश उपाध्याय, केशव मार्को, विरेन्द्र राजपूत ने नयापारा में घेराबंदी करते हुए चुचुहियापारा निवासी प्रगति डोरा पिता सिटी मूर्ति 28 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पिठ्ठू बैग में 25 नग प्रतिबंधित कफ सिरप मिला, जब्त सिरप की कीमत 4 हजार 250 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने 21, 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत सिरप जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# खनिजों का अवैध उत्खनन-परिवहन जारी, अचानक जागती है प्रशासन की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिजों का अवैध उत्खनन और परिवहन सालों से जारी है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा गठित समिति की नींद कभी-कभार ही खुलती है।

इस समिति में खनिज विभाग के साथ एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ, सरपंच, सचिव के साथ पुलिस की टीम शामिल हैं लेकिन कभी भी अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की कोशिश तक नहीं की गई। खनिज विभाग ने पिछले कुछ महीनों में जरूर प्रकरण बनाते हुए गाड़ियों को जब्त किया है और पेनाल्टी लगाई है, लेकिन जिला प्रशासन की संयुक्त टीम अपने एसी चेंबरों से निकलती। इसी कारण ग्रामीण क्षेत्रों में खास तौर पर कोटा, बेलगहना, तखतपुर की तरफ दिन रात अरपा नदी से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है।

■ **खनिज के साथ एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ, सरपंच, सचिव के साथ पुलिस शामिल**

अरपा से खनिज माफिया द्वारा रोजाना दर्जनों ट्राली रेत निकाली जा रही है। इससे राजस्व का चूना लग रहा है। इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बावजूद वे चुप्पी साधे हुए हैं। शिकायतें होने पर प्रशासन द्वारा गिने चुने कुछ लोगों को पकड़ा जाता है। वहीं नाममात्र के लिए कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन अवैध उत्खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इक्का दुक्का कार्रवाई होने से अवैध उत्खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं और मनमानी जारी है।

### रेत माफिया को राजनीतिक संरक्षण

ग्रामीणों से जब भी उत्खनन पर कार्रवाई को लेकर कोटा, बेलगहना के ग्रामीणों से बात की जाती है तो तो लोग दावा करते हैं कि रेत माफियाओं द्वारा सालों से यहां अवैध खनन और परिवहन किया जा रहा है। यहां से रेत ले जाकर लोकल एरिया एवं अन्य जगहों में भी चोरी-छिपे भेजी जा रही है। प्रशासन को भी इस बात की जानकारी है, लेकिन प्रशासन कोई एक्शन नहीं ले रहा है। सवाल यही है कि उत्खनन एवं माफिया पर गंभीर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार कहीं ना कहीं राजनीति से संबंध रखने वाले लोगों का संरक्षण इन्हें प्राप्त है। यही वजह है कि जिला प्रशासन इस अनैतिक कार्य पर हस्तक्षेप नहीं कर पा रहा है। ग्रामीण कहते हैं कि कोई जनप्रतिनिधि की पहचान बताता है, कोई अधिकारी की बात करता है। इन्हीं की आड़ में पूरे क्षेत्र में उत्खनन जारी है।



### सुबह से रात तक जारी रहती है खुदाई

हालांकि खनिज विभाग ने पिछले कुछ दिनों में लगातार छापा मारा है। इससे कुछ असर तो ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ा है लेकिन अभी भी कई जगह ऐसे हैं जहां सुबह से खुदाई शुरू कर दी जाती है। ग्रामी सोढ़ा के सूरज तिवारी के मुताबिक रेत माफिया रात में अधिक सक्रिय रहते हैं। गांव के ट्रैक्टर मालिक जंगल क्षेत्र के नदी व नाला से रेत खनन कर परिवहन करते हैं। सुबह चार बजे के बाद काम बंद कर देते हैं। इस दौरान खजिन व राजस्व अमला सक्रिय नहीं रहता है। पुलिस भी मैदान से गायब रहती है।

### कृषि उपकरणों का उत्खनन में उपयोग

सेंदरी, लमेर, कछार, कोनी व मंगला व सरकण्डा, लोधीपारा घाट से खुलेआम रेत उत्खनन किया जा रहा है। तो बेलगहना क्षेत्र के ग्राम सोढ़ा, लारीपारा, पोड़ी और बिल्लीबंद क्षेत्र में दिन रात ट्रैक्टर और हाइवा देखे जा सकते हैं। इन सभी जगहों पर ट्रैक्टर की खरीदी रेत निकालने के लिए ही की गई है। कृषि विभाग से कृषि के नाम पर ट्रैक्टर खरीद कर माफिया खनन कार्य में ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग करते नजर आ रहे हैं। चाहे दिन हो या रात नदियों में नजर आ रहे हैं।

### चौकी तक नहीं, पुलिस वाले भी कर रहे अनदेखी

करीब एक दशक पूर्व शहर से बाहर जाने वाले मार्ग कोनी और उसलापुर में खनिज जांच चौकी स्थापित कर यहां कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती थी। चौकी में सभी वाहनों की जांच होती थी और अवैध परिवहन के कई मामले पकड़े जाते थे, लेकिन शहर समेत बाहरी क्षेत्रों में दूर-दूर तक विभाग की चौकी नहीं है। शहर में रातभर अवैध रेत परिवहन करने वाले खुलेआम वाहन दौड़ा रहे हैं, इन्हें पुलिस वाले देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं।

### मिलकर करना होगा काम

अवैध उत्खनन और परिवहन पर खनिज विभाग की लगातार कार्रवाई जारी है। गाडियों की जब्ती के साथ ही पेनाल्टी भी लगाई गई है। अरपा के संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। जिला स्तर पर एक भी टीम इसके लिए बनाई गई है जिसमें खनिज विभाग के साथ एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ, सरपंच, सचिव के साथ पुलिस की टीम शामिल हैं।

- **दिनेश मिश्रा**, उपसंचालक, खनिज विभाग

पूरे दिन जाम लगने से यहां आमजन हो रहे हलाकान

# शनिचरी बाजार में डिवाइडर टूटा, लेकिन सड़क को कारोबारियों ने बना ली पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**डिवाइडर तोड़कर मलबा वहीं छोड़ा, जहां जगह मिली वहीं खड़े कर रहे गाड़ियां**

शनिचरी बाजार में बिलासा चौक से लेकर जूना बिलासपुर मोड़ तक सड़क के बीचो-बीच डिवाइडर को तो निगम ने तोड़ दिया, लेकिन अब यहां सड़क के दोनों साइड को यहां के कारोबारियों ने पार्किंग बना लिया। यहां व्यापारी अपनी कार और बाइक तो रखते ही हैं, साथ में ऑटो, रिक्शा चालक यहां अपनी गाड़ियां खड़े कर रहे हैं, फल ठेले वाले भी यहां कारोबार कर रहे हैं, जिसके चलते यहां से रिक्शा भी गुजरना मुश्किल है।

पूरे दिन जाम की लगने से यहां आमजन हलाकान हो रहे हैं। शनिचरी बाजार में बिलासा चौक से लेकर जूना बिलासपुर जाने वाले मोड़ तक रोजाना जाम लग रहा है, जिसके कारण यहां से आवागमन करने वाले राहगीर और रहवासी बेहद हलाकान है। हालात ये है कि यहां से रिक्शा तक गुजरना मुश्किल हो रहा है। इसकी वजह यहां की अव्यवस्थित पार्किंग और कारोबारियों द्वारा सड़क पर आटो और पिकप खड़ी कराकर माल लोड कराना है। कारोबारी रोड के बीचो-बीच दोनों तरफ अपनी कार और बाइक खड़ी कर दे रहे हैं। तो आगे रिक्शा और आटो चालकों ने अपने वाहन खड़ी कर दी है शेष बचे हिस्से में फल कारोबारी ठेला लगाकर कारोबार करते हैं।



शनिचरी बाजार में बिलासा चौक से मछली मार्केट तक डिवाइडर को तोड़ा गया,लेकिन मलबा नहीं हटाया।

### मछली-बर्तन कारोबारियों का कब्जा

इस रोड़ पर रही सही कसर यहां सड़क पर मछली और बर्तन कारोबारी पूरा कर दे रहे हैं वे सड़क पर आटो और पिकप खड़ी कराकर माल लोड कराते हैं, जिससे रोजाना सुबह से लेकर रात तक यहां जाम लगा रहता है। निगम प्रशासन के अतिक्रमण निवारण अमले ने कई बार यहां के ठेले वालों को खदेड़कर उनके लिए शनिचरी -चांटीडीह रपटा से लगे चौपाटी में व्यवस्था बनाई, लेकिन अब चौपाटी को हैप्पी स्ट्रीट बना दिया है। ऐसे में दोबारा यहां ठेला वालों का कब्जा हो चुका है।



### फिर से की जाएगी कार्रवाई

लगातार वाल्मीकि चौक से लेकर मछली मार्केट तक के फल कारोबारियों को सड़क से हटवाया जा रहा है। यदि ये फिर से सड़क जाम कर कारोबार कर रहे तो जायजा लिया जाएगा और निगम आयुक्त से अनुमति लेकर फिर से कार्रवाई की जाएगी। कारोबारियों को सड़क से वाहन हटाने के लिए कहा जाएगा।

- **प्रमिल शर्मा**,अतिक्रमण निवारण अधिकारी नगर निगम बिलासपुर।

# मल्टीपरपज स्कूल बदरंग गंदगी से बच्चे परेशान

**बिलासपुर**। शहर के पुराने और प्रतिष्ठित शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला मल्टीपरपज स्कूल को स्वामी आत्मानंद बनाने के साथ ही सालभर पहले यहां उन्नयन कार्य के लिए 1 करोड़ 48 लाख रुपए डीएमएफ से दिया गया था।

इस राशि से यहां रंगरोगन के साथ ही कक्षाओं में टाइल्स और अन्य काम हुए थे। लेकिन सालभर में ही सब बेरंग होने लगा है। गुणवत्ताहीन काम के कारण दीवारों से पुट्टी और रंग निकलने लगे हैं। बिजली का बोर्ड टूट गया है। स्कूल परिसर के अंदर पानी जमा होने से काई लगने के कारण इसमें फिसलकर बच्चे गिरने लगे हैं। स्कूल का रंग रोगन, रिपेयरिंग, कक्षाओं में फॉल सिलिंग, विद्युत और लैब की हालत भी खराब है। शिक्षा विभाग के अफसरों द्वारा काम का निरीक्षण भी नहीं किया गया है। ऐसे में अब सालभर में ही यहां दीवारों पर सीपेज आने शुरू हो गए है। जिसके चलते यहां पढ़ने वाले बच्चों को परेशानी हो रही है।

### चारों तरफ कीचड़

स्कूल में रंगरोगन के साथ ही यहां के खेल मैदान को भी बेहतर बनाना था। लेकिन जरा सी बारिश के साथ ही यहां चारो ओर कीचड़ फैल गया है। स्कूल के अंदर एक बास्केट बॉल कोर्ट बनाया गया है। लेकिन इसका उपयोग नहीं होता अब यहां चारो ओर पेड़ों के सूखे पत्ते जमा हो गए हैं।

### बाथरूम का समान टूटा

यहां के महिला और पुरूष बाथरूम की हालत बेहद खराब है। यहां लगाए गए वॉस बेसिंग के साथ समस्त समान टूट गए हैं। स्कूल प्रबंधन इसे ठीक नहीं करा रही है। इसके अलावा स्कूल के बिजली बोर्ड का स्विच भी टूटा हुआ है। तार बाहर निकल गया है, ऐसे में स्कूली बच्चों को करंट लगने का खतरा बना हुआ है।

### कराई जाएगी जांच

मल्टीपर्पज स्कूल को आत्मानंद स्कूल बनाया गया है। डीएमएफ मंद से यहां उन्नयन के लिए राशि जारी की गई थी। यदी काम ठीक नहीं हुआ है और अभी से यहां समस्या आनी शुरू हो गई है तो आत्मानंद स्कूल प्रभारी से निरीक्षण कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

- **टीआर साहू**, डीईओ बिलासपुर।



# एसपी ने सीपत थाने का किया निरीक्षण, अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को किया पुरस्कृत

**बिलासपुर**। एसपी ने सीपत थाने का निरीक्षण करने के बाद अच्छे कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया है।

रविवार को एसपी रजनेश सिंह ने आकस्मिक सीपत थाने का निरीक्षण करने पहुंच गए। इस दौरान उन्होने सीपत थाने के स्टाप की मीटिंग लेकर नवीन कानून के संबंध में जागरूक होने व थाने में आने वाले प्रत्येक पीड़ितों से अच्छा व्यवहार करने उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के संबंध में हिदायत दी गई। श्री सिंह ने पुलिस स्टाप की समस्याओं को सूना व निराकरण किया गया है। लंबित अपराध, चालान, मर्ग, शिकायतों का अधिक से अधिक



निकाल करने सख्ती से हिदायत दी गई है। क्षेत्र में व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, सूचना तंत्र दुरुस्त रखने लोगों से जुड़ाव के निर्देश दिया गया है। महिलाओं के द्वारा थाने में शिकायत करने आने पर महिला पुलिस कर्मचारी के द्वारा पूछताछ किया जाकर वैधानिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा उपरांत थाना सीपत के अच्छे कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को ईनाम देकर पुरस्कृत किया गया है।

### किया गया पैदल मार्च

निरीक्षण के बाद एडीशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा के नेतृत्व में सीपत पुलिस के द्वारा बाजारपारा चौक, नवाडीह चौक, एनटीपीसी मटैरियल गेट व अन्य चौक पर पैदल पेट्रोलिंग किया गया है। होली त्योहार के मद्देनजर क्षेत्र में शांतपूर्ण त्यौहार मनाने एवं नशे के हालत में तीन सवारी वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा 7 जुलाई को, आवेदन 2 अप्रैल तक

**बिलासपुर**। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएससी) की ओर से केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) 7 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शेड्यूल के अनुसार परीक्षा के लिए 2 अप्रैल तक आवेदन किए जा सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। यह हिंदी, इंग्लिश समेत 20 अलग-अलग भाषाओं में होगी। प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग समेत के देशभर के 136 शहरों में इसका आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि परीक्षा पेन और पेपर मोड में होगी।

## सरकण्डा क्षेत्र में चाकू, गुप्ती लहराकर दहशगर्दी मचाने वाले 5 बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने सरकण्डा क्षेत्र में चाकू, गुप्ती लहराकर दहशतगर्दी मचाने वाले 5 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।



एसपी रजनेश सिंह ने थानेदारों को होली पर्व के पहले शहर में गुंडागर्दी कर अशांती फैलाने वाले बदमाशों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया है। उनके निर्देश के बाद थानेदारों के द्वारा लगातार गुंडे बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने में लगे हुए हैं। एक बार फिर सरकण्डा पुलिस ने लिंगयाडीह के पास से सूरज यादव पिता राजकुमार यादव 24 साल को पकड़कर चाकू, बहतराई प्रथम हास्पिटल के पास से मनीष साहू उर्फ करील्ला पिता सुंदरलाल साहू 25 साल से गुप्ती, अपोलो चौक के पास से पूरन नेताम पिता नंदू नेताम 20 साल से चाकू, भूकंप वेधशाला के पास से बहतराई निवासी करन साहू पिता सदाराम साहू 19 साल से चाकू, बहतराई स्टेडियम के पास से बहतराई निवासी मोनू यादव पिता भुजबल यादव 22 साल को पकड़कर चाकू बरामद किया गया है।

पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के हथियार जब्त कर बदमाश युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**स्टेशन में बनाए जा रहे दो नए प्लेटफार्म, स्ट्रक्चर खड़ा कर रहे**

# एफओबी बनने के बाद बदलेगा प्लेटफार्म नंबर 6-7-8

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे स्टेशन में यात्रियों की भारी भीड़ और ट्रेनों की लगातार आवाजाही को व्यवस्थित करने के लिए दो नया प्लेटफार्म बनाया जा रहा है। 9 और 10 नंबर लाइन के बीच बन रहे इस प्लेटफार्म का बेस तैयार होने से पहले एफओबी का बेस बनाकर उसका स्ट्रक्चर खड़ा किया जा रहा है। एफओबी का यह स्ट्रक्चर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है।

इस प्लेटफार्म के तैयार होते ही बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर बदल जाएंगे। 6-7 और 8 नंबर प्लेटफार्म हो जाएंगे 8,9 और 10 नंबर। बिलासपुर रेलवे स्टेशन का विकास तेजी से किया जा रहा है। मुंबई-हावड़ा मुख्य मार्ग होने के साथ-साथ पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण को रेल लाइन से जोड़ने वाले बिलासुपर रेलवे स्टेशन में भविष्य में यात्री ट्रेनों का दबाव बढ़ने वाला है। प्लेटफार्म कम हैं इसलिए हावड़ा रूट से आने वाली कई ट्रेनों को रोजाना आउटर में खड़ा रखना पड़ता है। इसलिए रेलवे प्रशासन 5 नंबर प्लेटफार्म के बाद दो नए प्लेटफार्म तैयार करवा रहा है। प्लेटफार्म की लाइनिंग का पूरा काम हो चुका है।



### दबाव बढ़ने पर और बनेगा प्लेटफार्म

प्लेटफार्म के लिए दोनों ओर कांक्रीट की बाउंड्री खड़ी की जा चुकी है। अब कॉलम भी तैयार हो गए हैं। नया प्लेटफार्म लाइन नंबर 9 और 10 पर होगा और इसका नंबर 6 व 7 होगा। इसके बाद 11, 12 और 13 नंबर बाइपास लाइन है। भविष्य में यहां भी प्लेटफॉर्म बनाने की योजना है। वहीं दो नए प्लेटफॉर्म बनने से कटनी सेक्शन यानी प्लेटफॉर्म नंबर 6, 7 व 8 का नंबर 8,9 व 10 हो जाएगा।

